दिनांक 22.02.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के सभागार में प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन कार्यक्रम में नागरिकों से प्राप्त आवेदनों के माध्यम से शहर में व्याप्त मूलभुत समस्याओं का निराकरण करना तथा मांग के अनुसार निगम के संसाधन से अवसर उपलब्ध कराना है। सभागार में लगने वाले निगम जनदर्शन में उपस्थित निगम प्रशासन का कभी यह मंशा नहीं रहा कि किसी व्यक्ति या समुदाय के भावनाओं को आहत करें निगम के अधिकारी निगम जनदर्शन में आने वाले प्रत्येक नागरिक, संस्था, व समुदाय का पुरा सम्मान करता है।

राज्य शासन एवं जिला प्रशासन के निर्देशानुसार आम नागरिकों के लिए विभिन्न प्रकार के जनकल्याणकारी योजनाएं जिसका लाभ सीधे आम जनता को मिले जिसकी पारदर्शिता बनीं रहे इसी उद्देश्य को लेकर जनदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। अब तक लगाये गये जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों का ऑनलाईन पंजीयन कर जोन एवं विभाग स्तर पर प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जा रहा है। जनदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्र के नागरिकों के द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने के साथ–साथ मौखिक रुप से अपने वार्ड के विकास एवं अन्य समस्याएं से भी अधिकारियों को अवगत् कराया जाता हैं, साथ ही हितग्राही मूलक कई प्रमाण–पत्रों का वितरण जनदर्शन स्थल पर ही हितग्राहियों को प्रदान किया जाता है।

निगम जनदर्शन में कुछ व्यक्तियों के द्वारा ज्ञापन सौंपकर समाचार पत्रों में भ्रामक रुप से अनर्गल समाचार प्रकाशित करा रहें हैं जो तथ्य हीन है जबकि निगम जनदर्शन में आने वाले सभी नागरिकों, संस्था, एवं समुदाय की भावनाओं का निगम प्रशासन पुरा सम्मान करता है।

जनसम्पर्क अधिकारी